## Headline

1. **Jiah Khan Suicide Case: सबूतों के अभाव में अभिनेता सूरज पंचोली बरी, CBI कोर्ट का फैसला**
2. **SCO: राजनाथ सिंह ने चीनी रक्षा मंत्री से नहीं मिलाया हाथ, बीते दिन दिया था सख्त संदेश; अब शांगफू ने कही यह बात**
3. **Delhi: जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक से घर पहुंची CBI, सात माह में दूसरी बार पूछताछ**
4. **Amritsar: डिब्रूगढ़ जेल में बंद अमृतपाल से मिले चाचा और भाई, NSA लगाने के खिलाफ SGPC जाएगी हाईकोर्ट**
5. **Ajay Alok: पूर्व जदयू नेता अजय आलोक भाजपा में शामिल, अश्विनी वैष्णव की मौजूदगी में BJP की सदस्यता ग्रहण की**
6. **Bareilly: अशरफ के गुर्गों और जेल कर्मियों के खिलाफ चार्जशीट लगाने की तैयारी, सद्दाम के घर भी जा सकती है SIT**


दैनिक
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 8 अंक : 288 | इंदौर, शुक्रवार 28 अप्रैल, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# सियासत में कोरोना की एंट्री, नहीं थम रहा बवाल

## दिग्विजय सिंह के बयान पर अब नरोत्तम बोले, हमारे पास वायरस की वैक्सीन

## शिवराज ने कहा- दिग्विजयसिंह और कमलनाथ ज्यादा नुकसानदेह



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश की सियासत में कोरोना की एंट्री हो चुकी है। दिग्विजय सिंह के खुद को भाजपा-संघ के लिए कोरोना बताने पर गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा है कि भाजपा के पास वायरस की वैक्सीन है, आप चिंता नहीं करो। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिग्विजय और कमलनाथ को कोरोना से ज्यादा नुकसानदेह बताया।

दिग्विजय ने बयान प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट पर पलटवार करते हुए बुधवार को इंदौर में दिया था। सिलावट ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को लेकर टिप्पणी की थी। उन्होंने दिग्विजय सिंह को कांग्रेस का कोरोना बताते हुए कहा था कि कोरोना की उत्पत्ति चीन से हुई है, इसलिए सिंह को भी चीन में ही जन्म लेना चाहिए था।

भोपाल में मीडिया से बातचीत के दौरान गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा, इतना तो तय हो गया है कि दिग्विजय सिंह हानिकारक हैं। भाजपा ने वो वैक्सीन बनाई है, जिससे कोरोना का वायरस लगभग मृतप्राय हो जाता है। वैक्सीन भी हम लोगों के पास है, आप चिंता नहीं करो।

प्रदेश कार्यालय पहुंचे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, यह आश्चर्य की बात है कि दिग्विजय सिंह को तुलना करने के लिए कोरोना वायरस ही मिला। उन्होंने अपनी तुलना ठीक की है। कोरोना वायरस ने जितना नुकसान नहीं पहुंचाया था, उससे कहीं ज्यादा नुकसान प्रदेश को दिग्विजय सिंह और कमलनाथ ने पहुंचाया।

### ● सिलावट ने कहा था- दिग्विजय को चीन में जन्म लेना था

प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने 21 अप्रैल को पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को लेकर टिप्पणी की थी। उन्होंने दिग्विजय सिंह को कांग्रेस का कोरोना बताते हुए कहा था कि कोरोना की उत्पत्ति चीन से हुई है, इसलिए सिंह को भी चीन में ही जन्म लेना चाहिए था। सिलावट ने यह बयान तब दिया था, जब उज्जैन पहुंचे दिग्विजय सिंह ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को लेकर कहा था- हे महाकाल, कांग्रेस में दूसरा सिंधिया पैदा न हो। इसी के बाद से सिंधिया समर्थक मंत्रियों ने दिग्विजय सिंह पर जुबानी हमले के साथ ट्विटर पर हमले बोले थे।

# ट्रक कटिंग गैंग के सरगना की तलाश

### ● शातिर बदमाश लगातार बदलता रहता है ठिकाना,आगर-मालवा में मूवमेंट की मिली जानकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विजय नगर पुलिस ने चोरी के लैपटॉप बेचने के मामले में कंजर गिरोह से जुड़े चार सदस्यों को पकड़ा था। अब पुलिस इस गैंग के सरगना को पकड़ने के लिए आगर-मालवा इलाके में जाएगी। बताया जाता है कि सरगना देवास और उसके आसपास के इलाकों में भी गैंग बनाकर काम करता है। उसके साथ और लड़कों की टीम भी है। सरगना अपने ठिकाने बदलते रहता है। विजय नगर पुलिस के अफसर जल्द उसे पकड़ने के लिए छापेमारी की तैयारी में हैं।

टीआई रविन्द्र सिंह गुर्जर की टीम को ट्रक कटिंग के जरिए 65 लैपटॉप चोरी करने के मामले में अब आगरा-मालवा के विनोद नाम के बदमाश की तलाश है। इस मामले में एक टीम बनाकर विनोद की तलाश में भेजी जाएगी। अफसरों के मुताबिक वह गैंग बनाकर चलती गाड़ियों में चोरी और लूटपाट की वारदात को अंजाम देता है। उसने देवास के आसपास के इलाकों में भी अपने ठिकाने बनाए हैं। जिन्हें वह बदलता रहता है।

### कौन है कंजर गिरोह का विनोद

बदमाशों ने बताया कि वे विनोद और उसका गिरोह आगर-मालवा इलाके में सक्रिय है। विनोद और उसके गिरोह का ट्रक कटिंग ही करते हैं। ये गिरोह लैपटॉप सहित अन्य कीमती सामानों को लूटता है। आरोपियों ने कबूला कि वह इंदौर में इसे सस्ते दामों पर बेचते थे। आरोपियों ने बताया कि वह विनोद से लैपटॉप व अन्य सामान लेकर ऑनलाइन भी बेच देते थे। इसके लिए वे कंपनी के फर्जी बिलों का उपयोग भी करते थे। पुलिस ऑनलाइन बेचने वाले नेटवर्क का भी पता लगा रही है। साथ ही ये भी पता लगा रही है कि ये फर्जी बिल कैसे बनाते थे।

**इन सदस्यों को पकड़ा था-** विजय नगर पुलिस की टीम ने आसिफ पुत्र कल्लू खान निवासी सिकंराबाद कॉलोनी, जावेद पुत्र मकसूद अली निवासी देवास, गुलाम मोहम्मद पुत्र अब्दुल रज्जाक निवासी श्रीनगर एक्सटेंशन कांकड और रिफाकत पुत्र अब्दुल रज्जाक को पकड़ा है। आरोपियों के पास से एचपी कंपनी के करीब 65 लैपटॉप जब्त हुए थे। उन्होंने ही आगर-मालवा के विनोद से इसे लेने की बात कही थी। इस मामले में जोन-1 के बांक टांडा के डेरों पर पुलिस की टीम गुरुवार को पहुंची थी। इंदौर के डीआरपी लाइन से फोर्स बुलाकर अफसर अल सुबह यहां दबिश देने पहुंचे थे। बताया जाता है कि कुछ बदमाश इस दौरान पुलिस की सर्चिंग की जानकारी लगने पर जंगल की तरफ भाग गए।

# समलैंगिक विवाह के विरोध में प्रदर्शन

### कई संगठन एकजुट; कहा- इसके पीछे अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता दिए जाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में चल रही एक केस की सुनवाई के बीच अब इंदौर में इसका विरोध शुरू हो गया है। इसे लेकर सामाजिक संगठनों और उनके कर्ताधर्ताओं ने मोर्चा खोल दिया है। गुरुवार शाम को ये सभी संगठन के लोग कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। समलैंगिकों की शादी के पीछे अंतरराष्ट्रीय संगठनों का हाथ होने का आरोप लगाया जा रहा है।**

सुप्रीम कोर्ट में चल रहे एक समलैंगिक विवाह के विचाराधीन केस के विरोध में गुरुवार को कई हिंदू संगठनों के साथ यादव समाज, जैन समाज, जायसवाल सहित अन्य समाज के महिलाओं-पुरुषों ने कलेक्टोरेट पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में महिला अधिवक्ता भी थीं। सभी ने एक स्वर में कहा कि यह पाश्चात्य संस्कृति हम भारत में नहीं होने देंगे। भारतीय संस्कृति की अपनी परंपरा है। समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने का मामला पार्लियामेंट का विषय है। फिर क्यों इसे सुप्रीम कोर्ट में सुना जा रहा है।

महिला अधिवक्ता ने कहा कि इस तरह के विवाह को मान्यता मिलने से सारे रिश्ते खत्म हो जाएंगे। समाज पर इसका विपरीत असर पड़ेगा। करीब 1 घंटे चले विरोध प्रदर्शन में मुस्लिम समाज की महिलाओं ने कहा हम अपनी बात दिल्ली तो पहुंचाना चाहते हैं। मांगें नहीं मानी गईं तो विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा प्रदर्शन के दौरान महिलाएं हाथ में विरोध स्वरूप तख्तियां लिए खड़ी थीं। सभी ने कलेक्टर इलैया राजा टी को ज्ञापन सौंपा।

## ढाई नहीं, अब डेढ़ गुना मिलेगा एफएआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बिल्डरों को फ्री मिलने वाला एफएआर (फ्लोर एरिया रेश्यो) नए मास्टर प्लान में शासन ने कम कर दिया है। पहले जहां बिल्डरों को 2.5 गुना एफएआर बिना किसी शुल्क अदा किए मिलता था। अब यह एफएआर सिर्फ 1.5 गुना तक ही फ्री मिलेगा और उसके बाद का एफएआर बिल्डर को जमीन की कलेक्टर गाइडलाइन की दर से खरीदना होगा।**

इस बदलाव का सीधा असर प्रोजेक्ट लागत तथा फ्लैट्स की कीमत पर पड़ेगा। शासन ने यह निर्णय शहरों के मास्टर प्लान के प्रारूप में संशोधन कर लिया है। एफएआर के एवज में 10 प्रतिशत तक कलेक्टर गाइडलाइन रेट लेने का प्रस्ताव दिया गया था। पिछले मास्टर प्लान में 2.5 गुना एफएआर तक कोई शुल्क नहीं लिया जाता था। टीएंडसीपी के सूत्रों का कहना है कि भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर के मास्टर प्लान 2035 में प्रावधान किया गया है कि 1.50 गुना से अधिक एफएआर के लिए बिल्डर को कलेक्टर गाइडलाइन के अनुसार कीमत शासन के पास जमा करानी होगी। 6 मंजिल तक की बिल्डिंग के लिए ऐसा नहीं करना होगा। साथ ही शहर में भूमि का उपयोग मिक्स यूज कर दिया गया है। पहले यह प्रावधान चिन्हित क्षेत्रों में ही था।

## जनता को झूठे आंकडे बताने वाला निगम बजट : शुक्ला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कांग्रेस विधायक संजय शुक्ला ने कहा है कि इंदौर नगर निगम के द्वारा अपनी कमाई से 10 गुना का बजट बनाया गया है । यह बजट जनता को झूठे आंकडे बताने वाला बजट है । शुक्ला ने कहा कि नगर निगम की वार्षिक कमाई मात्र 800 करोड रुपए है । ऐसे में नगर निगम के द्वारा 7400 करोड का बजट प्रस्तुत किया जाना जनता के साथ धोखाधड़ी है । इस बजट में जनता को कोई सौगात नहीं दी गई है सोलर सिटी डिजिटल सिटी जैसे झूठे सपने इस बजट में दिखाए जा रहे हैं । यह सिटी कब कैसे बनेगी यह कोई नहीं जानता है नहीं बजट में इसका कोई ब्योरा दिया गया है । निगम को चाहिए कि वह नए वित्त वर्ष का बजट पेश करने के साथ ही साथ पुराने वित्त वर्ष के बजट में किए गए प्रावधानों पर हुए काम का वस्तुस्थिति पत्रक भी प्रस्तुत करें । आज प्रस्तुत किए गए बजट में इंदौर शहर को विकसित शहर के रूप में परिवर्तित करने की दृष्टि का अभाव है ।

## विद्यार्थियों के अधिक होने से बढ़ाया मूल्यांकन केंद्र

### अब पांच जगह जांच रहे कापियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पांचवीं-आठवीं बोर्ड परीक्षा का मूल्यांकन राज्य शिक्षा केंद्र ने प्रत्येक जिले में शुरू करवा दिया है। कापियां जांचने के लिए हर जिले में विकासखंड स्तर पर एक मूल्यांकन केंद्र बनाया जाना था, लेकिन विद्यार्थियों की संख्या को देखते हुए इंदौर जिले में पांच केंद्र रखे है। जहां कापियों को जांचने में शिक्षक लगे है।**

पांचवीं-आठवीं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए शासकीय उत्कृष्ट हा. से स्कूल देपालपुर रखा है। यहां सांवेर विकासखंड की कापियां जांचने का काम चल रहा है। महू विकासखंड की शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल रालामंडल, इंदौर ग्रामीण की उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी विद्यालय महू में, देपालपुर की शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सांवेर में, भोपाल जिले की शारदा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में कापियां भेजी गई है।

केंद्र ने इंदौर शहरी क्षेत्र 1 एवम 2 की समस्त कापियां हायर सेकेंडरी स्कूल निशातपुरा भोपाल में जांचने का काम चल रहा है। मूल्यांकन कार्य से इंदौर जिले से करीब 1500 शिक्षक एवं अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। अधिकारियों के मुताबिक इंदौर जिले में 90 हजार बच्चों का मूल्यांकन हो रहा है।

**मिल रहे सिर्फ तीन रुपये**

राज्य शिक्षा केंद्र ने सारे मूल्यांकन केंद्रों को 30 अप्रैल तक कापियां जांचने का काम खत्म करना है। मगर शिक्षकों ने मूल्यांकन कार्य के लिए मिलने वाले मानदेय को कम बताया है। उनके मुताबिक तीन रुपये प्रति कापी मानदेय दिया जा रहा है। शिक्षकों के मुताबिक कापियां जांचने के अलावा विद्यार्थियों की जानकारी अपने मोबाइल-टेबलेट से सभी 24 प्रश्नों में प्राप्त अंकों को भरना है।

पूरी प्रक्रिया में शिक्षकों को काफी समय लग रहा है। ऐसे में शिक्षक कापियां कम जांच पा रहा है। शिक्षकों की मांग है कि 10वीं एवम 12वीं बोर्ड परीक्षा का मूल्यांकन के लिए 12 एवम 13 रुपये प्रति कापी मिल रहे है। कम से कम मूल्यांकनकर्ता का मानदेय बढ़ने की जरूरत है।

## इंदौर-देवास-उज्जैन रेलवे ट्रैक पर 130 किमी की गति से दौड़ेगी ट्रेन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रेलवे बोर्ड द्वारा रेल लाइनों को अपग्रेड किया जा रहा है, ताकि ट्रेनों की गति को बढ़ाया जा सके। दिल्ली-मुंबई के बीच वर्तमान में ट्रेनों की गति 130 किमी प्रतिघंटा है, इसे 160 किमी प्रतिघंटा किया जाना है। इसके लिए सबसे पहले रतलाम-नागदा रेलखंड को तैयार किया जा रहा है। रेल लाइन के दोनों तरफ दीवार भी बनाई जाएगी, ताकि जानवरों को लाइन पर आने से रोका जा सके। इसके अलावा इंदौर-उज्जैन और इंदौर-रतलाम रेल रूट पर भी 130 किमी प्रतिघंटा की गति से ट्रेनें दौड़ेंगी। इन दोनों रेल रूटों का दोहरीकरण किया जाएगा।**

पश्चिम रेलवे द्वारा इंदौर-देवास-उज्जैन रेल लाइन का दौहरीकरण कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में उज्जैन से बरलाई तक दोहरीकरण हो चुका है। कडछा-बरलाई के बीच कुछ माह पहले दोहरीकरण का लाइन का ट्रायल भी हुआ था। अब बरलाई से लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन तक दोहरीकरण कार्य किया जा रहा है। इस ट्रैक को 130 किमी प्रतिघंटा की गति के अनुसार तैयार किया जा रहा है। मई 2024 तक रूट पूरा होने के बाद ट्रेनों की गति बढ़ाई जाएगी। अभी 100 किमी प्रतिघंटा की गति से ट्रेने दौड़ रही है। इंदौर-उज्जैन के बीच 79 किमी हिस्से में 130 किमी प्रतिघंटा की गति की क्षमता वाली लाइने बिछाई जा रही है।

### इंदौर-रतलाम के बीच भी बढ़ेगी गति

इंदौर-फतेहाबाद-उज्जैन और फतेहाबाद-उज्जैन के बीच दोहरीकरण किया जाना है। इसके लिए जमीन अधिग्रहण की अधिसूचना जारी हो चुकी है। दोहरीकरण में 130 किमी प्रतिघंटा की क्षमता वाली लाइन बिछाई जाएगी। वहीं, पुरानी लाइन को भी अपग्रेड किया जाएगा। जल्द ही इन दोनों लाइनों का कार्य शुरू होगा। भविष्य की जरूरत के हिसाब से पश्चिम रेलवे रेल लाइनों को अपग्रेड कर रहा है।

## स्कूल के बच्चों एवं उनके परिवार के लिए स्वास्थ्य शिविर का नि:शुल्क आयोजन किया गया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बच्चों एवं उनके परिवार जनों ने बड़ी संख्या में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में आकर अपना हेल्थ चेकअप कराया साई प्रीतम दास गोविंदराम एकेडमी एवं स्वामी दयालदास प्रीतम दास एकेडमी विद्यालय द्वारा आज स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें अनुभवी चिकित्सकों द्वारा सभी प्रकार का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं निशुल्क दवाइयां भी दी गई संस्था के अध्यक्ष गुरुजी स्वामी दयाल दास उदासी जी ने बताया कि सभी बच्चों ने स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लिया एवं उनके साथ-साथ उनके परिवार जनों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया जिसमें सभी बच्चों ने एवं उनके पालक गणों ने आकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया व अनुभवी डॉक्टरों से उचित परामर्श व दवाइयां भी प्राप्त की स्कूल में इस तरह के आयोजन से बच्चों में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक व सजग रहने की प्रेरणा भी मिलती है । कार्यक्रम का आभार श्री सतराम जी माखीजा एवं विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रजनी पंड्या ने माना।

## मन की बात का 100वां एपिसोड साइन लैंग्वेज में भी होगा प्रसारित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो प्रोग्राम मन की बात का 100वां एपिसोड रविवार को प्रसारित होगा। इसकी शुरूआत 3 अक्टूबर 2014 को हुई थी। इसे हर महीने के अंतिम रविवार को सुबह 11 बजे ब्रॉडकॉस्ट/टेलीकास्ट किया जाता है। 30 मिनट का ये कार्यक्रम 30 अप्रैल 2023 को 100 एपिसोड पूरे करने जा रहा है। यह पहली बार होगा कि मन की बात कार्यक्रम को मूक-बधिर लोगों के लिए साइन लैंग्वेज में भी प्रसारित किया जाएगा।**

राष्ट्रीय बाल आयोग की सदस्य डॉ. दिव्या गुप्ता ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम का 100वां एपिसोड साइन लैंग्वेज में प्रसारित होने वाला है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए स्कीम नं. 71 स्थित, इंदौर डेफ बाइलिंगुअल एकेडमी में मूक बधिर बच्चों को यह कार्यक्रम दिखाने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। सुबह 10.30 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में मप्र यूथ कमीशन के चेयरमैन डॉ. निशांत खरे जी बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।



सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

# फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

## ऐसे चलता है ठगी का धंधा

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर अपनी जरूरत बताकर उनसे अलग-अलग



# 2 टन वजनी हांडी में पकी 3700 किलो खिचड़ी

**● प्रसाद के रूप में 15 हजार श्रद्धालुओं को परोसी; वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए कराई वीडियोग्राफी**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। भोपाल में एक अनोखे आयोजन में दो टन वजनी लोहे की हांडी में 3700 किलोग्राम खिचड़ी पकाई गई। जो प्रसाद के रूप में 15 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं को परोसी गई। खिचड़ी को पकाने में करीब 6 घंटे लगे। इसमें 3 क्विंटल 80 किलो सब्जी, 350 किलो चावल और 60 किलो दाल का उपयोग किया गया है। इसमें करीब 5 लाख रुपए का खर्च आया। खिचड़ी बनने, उसे तौलने और फिर श्रद्धालुओं में बांटने तक की वीडियोग्राफी कराई गई, ताकि इसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए भेजा जा सके।

एक साथ 3700 किलो खिचड़ी पकाने का ये आयोजन गुरुवार को भोपाल के अवधपुरी क्षेत्र के सांई मंदिर में हुआ। आयोजक रमेश कुमार महाजन मंदिर में संस्थापक है। वे भेल में 37 साल की सर्विस के बाद 24 अप्रैल को टेक्नीशियन ग्रेड-1 पद से रिटायर हुए हैं। उन्होंने 3700 किलोग्राम खिचड़ी बनवाने का संकल्प लिया। जिसे 27 अप्रैल को पूरा किया।

### एक्सपर्ट पैनल ने गुणवत्ता भी देखी

इस मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीके दुबे, भोजराज सिंह धाकड़, नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर गुणवंत सेवंथकर, एनसीसी कमांडेंट योगेशकुमार सिंह, पशुपालन विभाग के एडिशनल डिप्टी डायरेक्टर भगवानदास मंगलानी और एनएचडीसी महाप्रबंधक पीके सक्सेना मौजूद रहे। अफसरों के सामने खिचड़ी का वजन और उसकी गुणवत्ता प्रमाणित की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं को खिचड़ी वितरित करने का काम किया गया। पहली बार जिस भगोने का वजन किया गया, उसमें 125 किलो खिचड़ी निकली। इसी हिसाब से आगे भी वजन किया गया।

### 24 घंटे की वीडियो रिकॉर्डिंग, यही रिकॉर्ड का सबूत बनेगी-

श्रद्धालु कमलेश नागपुरे और पुष्पराज रघुवंशी ने बताया कि बुधवार रात से खिचड़ी पकाने को लेकर तैयारी शुरू कर दी थी। गुरुवार सुबह तैयारी पूरी कर ली गई। सुबह 11 बजे से खिचड़ी पकाने का काम शुरू कर दिया गया, जो शाम 4 बजे से पहले पूरा हो गया। इसके बाद एक्सपर्ट की टीम के सामने खिचड़ी का वजन और गुणवत्ता की जांच की गई। पूरे आयोजन की वीडियो रिकॉर्डिंग की गई, जो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए भेजी जाएगी। यह रिकॉर्डिंग खिचड़ी पकाने की शुरूआत से आखिरी तक चली।

**बदनावर में बोले दिग्विजयसिंह**

# बीजेपी के नेता दलाल बन गए

**बदनावर। पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य दिग्विजयसिंह ने गुरुवार सुबह यहां रेस्ट हाऊस पर आयोजित प्रेस- वार्ता में कहा कि प्रदेश में इस समय परिवर्तन की लहर चल रही है। मतदाता भाजपा सरकार की रीति नीति से तंग आ चुके हैं तथा उसे चुनाव में सबक सिखाने के लिए तैयार हैं।**

उन्होंने कहा कि भाजपा को वोट मांगने का कोई हक नहीं है। पार्टी आज सरकार नहीं चला रही वह व्यवसाय कर रही है। सभी नेता दलाल बन गए हैं। अधिकारी एवं कर्मचारी वर्ग लोगों को लूटने में लगा है। उन्होंने यह भी मंजूर किया कि वर्ष 2020 में कांग्रेस की अच्छी भली सरकार के जाने का उन्हें काफी पछतावा है। किंतु ज्योतिरादित्य सिंधिया के वापस कभी कांग्रेस में आने पर आप स्वागत करेंगे तो इस प्रश्न को वे टाल गए। उन्होंने कहा कि धार में कल जो लड़की की हत्या हुई उसमें पुलिस लापरवाही सामने नजर आ रही हे। जब उसने तीन उस लड़के के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई तो सो गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया प्रदेश में वैसे भी सब सादिक महिला पर अत्याचार होते हैं। उन्होंने किसान फसल मुआवजा बिजली बिल बीमा राशि, शिक्षित बेरोजगारी भत्ता, ब्राह्मणों के लिए आयोग का गठन, लाडली बहना योजना आदि के बारे में कहा कि कांग्रेस सरकार में लागू की गई कई योजनाएं बंद कर अब उन्हें नए सिरे से लागू किया जा रहा है। हमारी सरकार में लाडली बहना योजना हिमाचल एवं कर्नाटक में पहले ही लागू हो चुकी है। जबकि 20 साल बाद और चुनाव के 6 महीने पहले शिवराजसिंह चौहान को अब इनकी याद आई है। बाद में दिग्विजयसिंह ने पार्टी के सेक्टर एवं मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्तार्ओं की अलग-अलग बैठक ली। दोपहर बाद वे रतलाम के लिए रवाना होंगे।

## दर्शनार्थियों से अभद्रता के विरोध में दिया धरना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। श्री महाकालेश्वर मंदिर में नियमित दर्शनार्थियों के साथ अभद्र व्यवहार के विरोध में नियमित दर्शनार्थी भक्त मंडल ने गुरूवार को शाम महाकाल मंदिर प्रशासक कार्यालय के बाहर धरना व प्रदर्शन कर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा उज्जैन निवासी नियमित दर्शनार्थियों को भगवान महाकाल के दर्शन में आने वाली समस्याओं को दूर करने की मांग की गई। नियमित दर्शनार्थी भक्त मंडल के अध्यक्ष रवि राय ने बताया कि महाकालेश्वर मंदिर में प्रतिदिन उज्जैन निवासी दर्शनार्थियों को दर्शन व्यवस्था प्रातः 6 बजे से 8 बजे एवं शाम 6 से 8 बजे तक का निर्धारित किया गया है लेकिन यही समय श्री महाकालेश्वर मंदिर में आरती का समय होने से प्रतिदिन दर्शनार्थियों को दर्शन का समय कम मिलता है।

## हरसिद्धि माता मंदिर की दीपमालिकाओं में लगी आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। 51 शक्तिपीठो में से एक विश्व प्रसिद्ध हरसिद्धि माता मंदिर के प्रांगण में स्थापित दीपमालाओं में भीषण आग लग गई जिससे मंदिर में हड़कंप मच गया, वही आग लगने की सूचना नगर निगम और फायर ब्रिगेड की टीम को दी गई। जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। मंदिर के पुजारी ने बताया कि साउथ के कुछ श्रद्धालुओं के द्वारा दीपमाला के नीचे दीप प्रज्वलित किए गए थे वही नीचे लकड़ी का बुरादा भी रखा हुआ था, जिससे दीपमालिका ने आग पकड़ ली। नीचे लगी आग उपर तक पहुंच गई। इस दौरान मंदिर मे कुछ देर के हडंकम्प मच गया। मंदिर कर्मचारियों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी लेकिन फायर ब्रिगेड में भी पानी खत्म होने के कारण मंदिर पुजारी के द्वारा बावड़ी से पानी निकाल कर दीपमाला की आग पर काबू पाया।

# पुलिस टीम पर कुल्हाड़ी और लाठी-डंडे से हमला

## 3 पुलिसकर्मी घायल; आरोपी को पकड़ने गई थी टीम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुलताई**। बैतूल जिले के बोरदेही में जालसाजी के आरोपी को पकडऩे गई पुलिस टीम पर 8 से 10 लोगों ने कुल्हाड़ी और लाठी-डंडे से हमला कर दिया। बुधवार रात हमले में एसआई का सिर फूट गया। 3 अन्य पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। सभी को मुलताई के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया है। बोरदही थाना क्षेत्र के मांडई गांव निवासी मिथुन के खिलाफ ट्रैक्टर फाइनेंस में जालसाजी का अपराध है। एसपी सिद्धार्थ चौधरी ने बताया कि हमारे बोरदही टीआई मुकेश ठाकुर अपनी टीम के साथ मांडई गांव आरोपी मिथुन को ट्रैक्टर फाइनेंस के एक मामले में पकडऩे गए थे। इसी दौरान मिथुन और उसके भाई और परिवार अन्य सदस्यों ने मिलकर कुल्हाड़ी और लाठी-डंडों से पुलिस टीम पर हमला कर दिया। पुलिस के हमले में एसआई मुकेश ठाकुर का सिर फूट गया है व अन्य पुलिसकर्मियों को भी चोटें आई हैं। एसपी सिद्धार्थ चौधरी ने पूरे मामले में कड़ी कार्रवाई की बात कही है। आरोपियों को पकडऩे के लिए जिले से अन्य थानों का फोर्स ग्राम मांडई भेजा है।

**गबन कांड के बाद फेरबदल**

# मनोज साहू होंगे केंद्रीय जेल भैरवगढ़ के नए अधीक्षक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। केंद्रीय जेल भैरवगढ़ के नए अधीक्षक मनोज साहू होंगे। गुरुवार को इस संबंध में भोपाल मुख्यालय से आदेश जारी हो गए। साहू को जिला जेल मुख्यालय भोपाल से उज्जैन स्थानांतरित किया गया है। जेल अधीक्षक उषा राज का नाम बहुचर्चित जेल गबन कांड में आने व गिरफ्तारी के बाद देवास जेल अधीक्षक हिमानी मनवारे को प्रभारी बनाया गया था। गुरुवार को जेल विभाग के अवर सचिव अजय नथानियल ने आदेश जारी कर साहू को नया जेल अधीक्षक बनाया है।

## सौवें एपिसोड के प्रसारण अवसर पर मध्यप्रदेश के राजभवन में विशेष कार्यक्रम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आकाशवाणी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के सौवें एपिसोड के प्रसारण अवसर पर मध्य प्रदेश के राजभवन में विशेष स्क्रीनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 30 अप्रैल 2023 को आयोजित इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के वे होनहार नागरिक जिनका कि उल्लेख प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम मन की बात में विभिन्न एपीसोड में किया है, उनको विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। इनके अलावा इस कार्यक्रम में मप्र के पद्म पुरस्कार विजेताओं सहित विभिन्न गणमान्य नागरिक भी आमंत्रित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो और पीआईबी द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव और सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण पर केंद्रित भव्य मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं स्क्रीनिंग कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महामहिम राज्यपाल मंगु भाई पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर आयोजित मल्टीमीडिया प्रदर्शनी दो दिन के लिए आयोजित की जा रही है, जिसमें 1 मई 2023 को यह प्रदर्शनी आम नागरिकों के लिए भी उपलब्ध रहेगी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा तीन अक्टूबर 2014 को रेडियो के माध्यम से मन की बात कार्यक्रम आरंभ किया गया था जो आज दिनांक तक जारी है । इसी कार्यक्रम का 100 वां एपिसोड 30 अप्रैल 2023 को सुबह 11 बजे प्रसारित किया जाएगा।

# प्रदेश के सभी अंचलों में कांग्रेस करेगी बड़ी चुनावी रैली

**राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और मल्लिकार्जुन खरगे आएंगे**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। कांग्रेस मध्यप्रदेश में अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए सभी अंचलों में बड़ी चुनावी रैली करेगी। इनमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और प्रदेश के कई वरिष्ठ नेता हिस्सा लेंगे।**

इसके लिए भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, रीवा और सागर शहर प्रस्तावित किए गए हैं। इसके अलावा दतिया, उज्जैन, गुना और छिंदवाड़ा में भी बड़े कार्यक्रम होंगे। इनमें भी राष्ट्रीय पदाधिकारी भाग लेंगे। चुनाव अभियान समिति ने प्रस्तावित किया है कि प्रत्येक विधानसभा में एक बड़ी सभा की जाए ताकि पार्टी के पक्ष में माहौल बने और कार्यकर्ता उत्साहित हों।

प्रदेश कांग्रेस ने चुनाव अभियान को गति देने के लिए परिर्वतन संकल्प अभियान प्रारंभ करने का निर्णय किया है। 16 वरिष्ठ नेता इसका नेतृत्व करेंगे और सभी को अलग-अलग जिले भी आवंटित कर दिए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह उन विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकतार्ओं के साथ बैठकें कर रहे हैं, जहां पार्टी को लगातार हार का करना पड़ रहा है।

इन्हीं क्षेत्रों में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ के सम्मेलन भी आयोजित किए जा रहे हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक सभा के बाद सितंबर-अक्टूबर में प्रदेश के सभी अंचलों में महारैली आयोजित की जाएगी ताकि पार्टी के पक्ष में माहौल बनाया जा सके और कार्यकर्ता उत्साहित हों।

विंध्य और बुंदेलखंड में एक-एक रैली होगी। इसी तरह मालवा-निमाड़, ग्वालियर-चंबल, महाकोशल और मध्य भारत क्षेत्र में सभा प्रस्तावित की गई है। छिंदवाड़ा में भी पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की सभाएं होंगी। प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रप्रभाष शेखर का कहना है कि चुनाव को लेकर पार्टी की सभी स्तर पर पूरी तैयारी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ जल्द ही कार्ययोजना को वरिष्ठ नेताओं से विचार-विमर्श करके अंतिम रूप देंगे।

### सभी संभागीय मुख्यालयों पर होंगे सम्मेलन

उधर, पार्टी सभी संभागीय मुख्यालयों पर कार्यकर्ता सम्मेलन करेगी। प्रदेश कांग्रेस ने इसकी तैयारी प्रारंभ कर दी है। लगातार हारने वाली सीटों पर कार्यकर्ता सम्मेलन होने के बाद यह कार्यक्रम प्रारंभ होगा।

## संपादकीय

### मनमर्जी पर अब लगाम

यह जगजाहिर तथ्य है कि पूर्णबंदी और महामारी के चरम के वक्त लोगों ने अपनी ओर से बचाव की कोशिशों में हर संभव सहभागिता की जिम्मेदारी निभाई। बल्कि इस क्रम में जो लोग परेशानी में घिर गए, जिनका रोजगार छूट गया, जिनके सामने खाने-पीने तक का संकट खड़ा हो गया, उस समय ऐसे तमाम लोग सामने आए, जिन्होंने अपनी सीमा में अपने खर्चे से जरूरतमंदों की मदद की। उस समय स्कूलों से यह भी कहा गया था कि वे इस दौरान बच्चों की फीस न वसूलें। लेकिन बहुत सारे स्कूलों ने इस पर गौर करना जरूरी नहीं समझा और कोरोना काल में भी अभिभावकों से शुल्क वसूले थे। इसके खिलाफ कुछ अभिभावकों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अपील की थी। मामले पर सुनवाई के बाद अदालत ने स्कूलों को पूर्णबंदी के समय ली गई फीस का पंद्रह फीसद अभिभावकों को लौटाने का आदेश दिया था। अदालत का साफ मानना था कि पूर्णबंदी के दौरान स्कूल केवल ट्यूशन फीस के अलावा अन्य कोई भी शुल्क मांगने के हकदार नहीं थे। हालांकि उस दौरान जो हालात थे, उसमें ऐसा करना एक सामान्य समझ का भी तकाजा था, मगर इसके लिए अदालत को यह निर्देश देने की जरूरत पड़ी। विडंबना यह है कि स्कूलों को अदालत के स्पष्ट आदेश को भी मानना जरूरी नहीं लगा। उन्होंने न फीस लौटाई या न ही उसे संयोजित किया। यह अपने आप में एक तरह से अदालती आदेश का उल्लंघन ही था। अब इस मामले में कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी ने जिले में ऐसा करने वाले स्कूलों की पहचान की और यहां के सौ से ज्यादा निजी स्कूलों पर एक-एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। यही नहीं, इस कार्रवाई के तहत कहा गया है कि अगर दस दिन के भीतर वसूला गया विद्यालय शुल्क अभिभावकों को वापस नहीं किया गया तो जुर्माने की रकम बढ़ा कर पांच-पांच लाख रुपए कर दी जाएगी। हो सकता है कि गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी के आदेश के कुछ कानूनी परिप्रेक्ष्य हों और उसी संदर्भ में इस पर ओमल को लेकर कुछ सवाल हों। लेकिन इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद इतने बड़े पैमाने पर स्कूलों ने अपनी मनमर्जी से फीस की वसूली की तो यह अपने आप में हैरान करने वाला मामला है। सवाल है कि अगर कोरोना से बचाव की कोशिश में बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर स्कूलों को भी बंद रखा गया था, तो स्कूलों को कम से कम उस समय विद्यार्थियों से वसूले जाने वाले शुल्क के ढांचे पर अपनी ओर से विचार करना जरूरी क्यों नहीं लगा।

## महिला जगत

# घर खर्च में 70% कामकाजी महिलाएं सक्रिय, पर वित्तीय फैसलों के लिए पुरूषों पर निर्भर



**महिलाओं की भूमिका घर-परिवार के साथ ही कार्यक्षेत्र तक महत्वपूर्ण हो गई है। महिलाएं घर की जिम्मेदारी बखूबी निभाती हैं, फिर वह चाहे बच्चों और परिवार के पालन पोषण की हो या फिर घर खर्च में मदद करने की। एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 70 फीसदी कामकाजी महिलाएं घर खर्च में सक्रिय रुप से योगदान देती हैं। वर्किंग स्त्री नाम की एक सर्वे रिपोर्ट जारी हुई है। यह सर्वे 10 हजार महिलाओं पर किया गया। रिपोर्ट में पाया गया कि दिल्ली में 67 प्रतिशत से अधिक कामकाजी महिलाएं अपनी तनख्वाह से घर का खर्च चलाती हैं। वहीं 31 फीसदी महिलाएं ऐसी हैं जो अपनी आधी सैलरी घर पर जिम्मेदारियों में खर्च करती हैं। भले ही आर्थिक रुप से महिलाएं जिम्मेदार और आत्मनिर्भर हैं लेकिन वित्तीय फैसले वह पिता, भाई और पति की मदद से ही लेती हैं। आइए जानते हैं वर्किंग स्त्री रिपोर्ट के बारे में विस्तार से।**

महिलाएं एक बेटी, पत्नी और मां समेत कई भूमिकाएं एक साथ निभाती हैं। लेकिन इस रूढ़िवादी स्वरूप से अलग कई महिलाएं अपने चुने हुए क्षेत्र में करियर और पहचान बना रही हैं, साथ ही परिवार की आर्थिक रूप से मदद कर रही हैं। शिक्षा, कौशल विकास और इच्छाशक्ति के कारण महिलाएं सामाजिक बाधाओं को दूर कर पित्तसत्तात्मक समाज में अपनी भूमिका को मजबूत कर रही हैं।

### ● कामकाजी महिलाओं पर सर्वे

बीती फरवरी माह में ऑनलाइन मार्केटप्लेस इंडियायलेंड्स ने एक सर्वे करवाया था। सर्वे के पांचवे संस्करण में मेट्रो, टियर 1 और टियर 2 की 21 से 65 उम्र वर्ग की 10 हजार से ज्यादा कामकाजी महिलाओं से सवाल पूछे गए। रिपोर्ट में कामकाजी महिलाओं को लेकर जो आंकड़े सामने आए हैं, वह चौंका देने वाले हैं। 10 हजार महिलाओं पर हुए इस सर्वे के नतीजों में बताया गया कि 70% कामकाजी महिलाएं घर खर्च में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। 31 फीसदी महिलाएं आधी सैलरी घर के लिए खर्च करती हैं। सर्वे में 70 फीसदी महिलाएं विवाहित और 16 % अविवाहित थीं।

### ● आत्मनिर्भर महिलाओं का घर खर्च में योगदान

जो महिलाएं केवल घर की चारदीवारी में रसोई घर और बच्चे संभालने तक सीमित थी, वह आज नौकरी कर रही हैं। हालांकि कामकाजी महिलाएं नौकरी के साथ ही परिवार की आर्थिक रूप से भी जिम्मेदारी उठाती हैं। हालांकि दिल्ली की 47 फीसदी महिलाओं ने स्वीकार किया कि घर के खर्चों को नियमित रूप से ट्रैक करने में मुश्किल होती है। 37% महिलाएं ऐसी हैं, जिन्हें क्रेडिट स्कोर से संबंधित कोई जानकारी नहीं। वहीं दिल्ली की करीब 32% कामकाजी महिलाओं ने बताया कि बचत और निवेश से जुड़े फैसले लेने में उन्हें थोड़ी कठिनाई महसूस होती है।

### ● कामकाजी महिलाएं वित्तीय फैसलों के लिए पिता या पति पर निर्भर

हालांकि यह समस्या केवल दिल्ली की महिलाओं को ही नहीं, बल्कि देशभर में अधिकतर कामकाजी महिलाएं वित्तीय फैसले लेने के लिए अपने पिता, पति या भाई पर निर्भर होती है। भले ही खर्चों को नियमित रूप से ट्रैक करने या निवेश के लिए फैसले लेने के लिए वह पुरुषों पर निर्भर हैं लेकिन महिलाओं ने काम करने की सबसे बड़ी प्रेरणा वित्तीय आजादी बताया। महिलाओं ने नौकरी को आत्मविश्वास के लिए जरूरी माना। साथ ही महिलाओं ने परिवार की जरूरतों को पूरा करने पर बल देते हुए कहा कि जरूरत के लिए वह घर खर्च से पीछे नहीं हटेंगी।

## Highlights

1. Mob sets on fire event venue ahead of Manipur CM's visit
2. India records 7,533 new COVID-19 cases, 19% less than yesterday
3. Hurts me to see our athletes on streets demanding justice: Neeraj on wrestlers' protest
4. $125 billion erased from Amazon's m-cap in minutes after its quarterly results
5. US man photographed in bathtub of cash gets 4 years' jail for stealing 712 Bitcoins
6. Not interested in marrying your men: Investor on pic of paperwork for Schengen visa

# Air India to hire over 1,000 pilots in a bid to expand its fleet

**NEW DEIHI, (Agency).** Air India will hire more than 1,000 pilots, including captains and trainers, as the Tata Group-owned airline expands its fleet and network.

The airline, which currently has more than 1,800 pilots, has placed orders for 470 aircraft with Boeing and Airbus, including for wide-body planes.

The latest Airbus firm order comprises 210 A320/321 Neo/XLR and 40 A350-900/1000. The Boeing firm order comprises 190 737-Max, 20 787s and 10 777s.

The carrier, which was taken over by the Tata Group in January last year, is hiring more than 1,000 pilots, according to an advertisement on Thursday.

"We are offering multiple opportunities and accelerated growth across our A320, B777, B787 and B737 fleet for captains and first officers, as well as trainers," it said, adding



that more than 500 aircraft are joining its fleet.

Meanwhile, pilots of Air India have raised concerns about the airline's latest decision to revamp their salary structure and service conditions.

On April 17, Air India rolled out a revamped compensation structure for its pilots and cabin crew, which has since been rejected by the two pilot unions - Indian Commercial Pilots Association (ICPA) and Indian Pilots Guild (IPG) - on grounds that the airline, in alleged violation of labour practices, did not consult them before finalising the new contracts.

Tata Group has four airlines -- Air India, Air India Express, AIX Connect and Vistara, which is a joint venture with Singapore Airlines. The group is in the process of merging Air India Express and AIX Connect as well as Vistara with Air India.

# 'Exchange of info led to €20 bn in addl revenue in 22 countries since 2009'

**NEW DEIHI, (Agency).** At least EUR 20.1 billion additional revenues have been reported through exchange of information (EOI) by 22 Asian countries since 2009, the first progress report of Tax Transparency in Asia 2023 said even as India stressed on the need to further expand the scope of such exchanges.

India wants to expand the scope of common reporting standard at the G20 to include non-financial assets such as real estate properties through automatic exchange of information (AEOI), revenue secretary Sanjay Malhotra said on Thursday in New Delhi at the launch of the report.

Speaking at a meeting of the 'Asia Initiative of the Global Forum on Transparency and Exchange of Information for Tax Purposes', he said scope of AEOI should be expanded to include




information that could also be used for other non-tax law enforcing purposes.

"Asia is levelling the playing field towards more tax transparency, but commitment and progress are still needed to achieve its full potential," the Global Forum on Transparency and Exchange of Information for Tax Purposes said in a statement on Thursday.

All 22 Asian members of the Global Forum are implementing the transparency and exchange of information on request (EOIR) standard and 16 of them are committed to starting automatic exchange of financial account information (AEOI) exchanges by 2024, it said.

The 22 members are Azerbaijan, Armenia, Brunei Darussalam, Cambodia, China, Georgia, Hong Kong, India, Indonesia, Japan, Kazakhstan, Korea, Macau, Malaysia, Maldives, Mongolia, Pakistan, Philippines, Singapore, Thailand, Uzbekistan and Vietnam.

## Manipur

# चुराचांदपुर में धारा-144, इंटरनेट भी बंद; भीड़ ने सीएम के दौरे से पहले कार्यक्रम स्थल को लगा दी थी आग

**मणिपुर, एजेंसी** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के दौरे से एक दिन पहले भीड़ ने कार्यक्रम स्थल पर तोड़फोड़ की और आग लगा दी थी। पुलिस ने बताया कि गुरुवार रात करीब नौ बजे अनियंत्रित भीड़ ने इस घटना को अंजाम दिया गया। घटना के बाद, जिले में इंटरनेट पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है। साथ ही धारा 144 लागू कर दी गई है।



पुलिस ने बताया था कि स्थानीय पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करके भीड़ को तितर-बितर कर दिया था, लेकिन आगजनी की घटना से कार्यक्रम स्थल को नुकसान पहुंचा है। बता दें, यह घटना राज्य की राजधानी इंफाल से करीब 63 किलोमीटर दूर न्यू लमका में हुई। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति हो गई है। पुलिस ने जिले में सुरक्षा बढ़ा दी है। पुलिस ने कहा कि गुस्साई भीड़ ने न्यू लमका के पीटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में नए स्थापित ओपन जिम को आंशिक रूप से आग के हवाले कर दिया, जिसका उद्घाटन बीरेन सिंह शुक्रवार दोपहर में करने वाले हैं।

सीएम बीरेन सिंह जिम के अलावा खेल सुविधा का उद्घाटन करने वाले हैं। साथ ही उनका एक अन्य समारोह में भी भाग लेने का कार्यक्रम है। हालांकि, अधिकारियों ने अभी तक पुष्टि नहीं की है कि कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है या नहीं।

दरअसल, स्वदेशी जनजाति नेताओं के मंच ने सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक पूरा चुराचांदपुर बंद का आह्वान किया था, इसी बीच भीड़ उग्र हो गई और सीएम के कार्यक्रम स्थल पर हमला कर दिया। जनजाति नेताओं के मंच ने दावा किया कि किसानों और अन्य आदिवासी निवासियों के आरक्षित वन क्षेत्रों को खाली करने के लिए चल रहे बेदखली अभियान का विरोध करते हुए बार-बार ज्ञापन सौंपने के बावजूद सरकार ने लोगों की दुर्दशा को दूर करने की इच्छा या ईमानदारी का कोई संकेत नहीं दिखाया है।

## Bihar

# हाजीपुर स्टेशन पर रुकी ट्रेन, यात्री का बैग खुला तो निकला इतना सोना कि देखकर उड़ गए होश

**हाजीपुर, एजेंसी** बिहार के हाजीपुर रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को ट्रेन में यात्री के बैग से भारी मात्रा में सोना बरामद हुआ है। न्यूजलपाईगुड़ी से गोरखपुर के बीच चलने वाली साप्ताहिक ट्रेन कामाख्या-गोमती नगर एक्सप्रेस ट्रेन जैसे ही हाजीपुर स्टेशन पर रुकी, अधिकारियों ने एक ट्रॉली बैग से करीब 5 किलोग्राम सोना बरामद किया। जैसे बैग खुला उसे देखकर लोगों के होश उड़ गए। डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की। जब्त सोने की कीमत 3.05 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। डीआरआई ने गोल्ड के साथ दो लोगों को भी पकड़ा है।



बताया जा रहा है कि गिरफ्तार दोनों लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं और सोने की डिलीवरी गोरखपुर में करने वाले थे। गोरखपुर में जिस सरगना को इसकी डिलीवरी होनी थी, उसे भी डीआरआई ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से 40 लाख रुपये नकद भी बरामद किए गए

## Uttarpradesh

# रामपुर में बस का इंतजार रही एलएलबी की छात्रा पर एसिड अटैक, आरोपी 2 छात्र हिरासत में

**रामपुर, एजेंसी रामपुर में सिविल लाइंस क्षेत्र में आंबेडकर पार्क के पास बस का इंतजार कर रही एलएलबी की छात्रा पर बाइक सवार दो युवकों ने तेजाब फेंक दिया। गनीमत रही कि तेजाब छात्रा के बैग पर गिरा,जिससे वह बाल बाल बच गई। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी दो छात्रों को हिरासत में ले लिया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है।**

शहर के शाहबाद गेट निवासी एक व्यक्ति की बेटी मुरादाबाद के एक निजी संस्थान से एलएलबी की पढ़ाई कर रही है। यह छात्रा आंबेडकर पार्क के पास मुरादाबाद जाने के लिए संस्थान की बस का इंतजार कर रही थी। आरोप है कि इसी दौरान बाइक सवार दो युवक आए और उन्होंने छात्रा पर तेजाब फेंक दिया। तेजाब छात्रा के बैग पर गिरा और वह बाल- बाल बच गई। अचानक हुए हमले से घबराई छात्रा की चीख निकल गई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर आ गए। इस बीच हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने छात्रा से पूछताछ की। इसके बाद पुलिस ने युवकों के बारे में जानकारी जुटाई।

## Haryana

# दोनों हाथ काटे, सिर धड़ से अलग किया, फिर शव को जलाया...पति की क्रूरता की दास्तां रूह कंपा देगी

**गुरुग्राम, एजेंसी** हरियाणा के मानेसर में पुलिस ने एक शख्स को पत्नी की हत्या करने के मामले में गिरफ्तार किया है. आरोप है कि शख्स ने बेरहमी से अपनी पत्नी की हत्या की. उसके हाथों को काटा. फिर सिर धड़ से अलग किया. इसके बाद उसने शव को भी जलाने की कोशिश की. आरोपी पति ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है. पुलिस ने महिला के कटा हुआ सिर और शरीर के सभी हिस्सों को भी बरामद कर लिया है.

दरअसल, पुलिस को 21 अप्रैल को मानेसर में एक गांव में महिला का अधजला



शव मिला था. शव का सिर गायब था और हाथ कटे हुए थे. पुलिस को शक था कि महिला की हत्या और कहीं की गई है. इसके बाद पुलिस को 23 अप्रैल को महिला के कटे हुए दोनों हाथ और 26 अप्रैल को उसका सिर मिला था. महिला का सिर खेड़कीदौला थाना इलाका क्षेत्र से मिला था. पुलिस ने अब इस मामले में महिला के पति जितेंद्र को को गिरफ्तार किया है. जितेंद्र गांधीनगर का रहना वाला है. वह मानेसर में किराये पर रह रहा था. पुलिस जितेंद्र से पूछताछ कर रही है. पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का पूरा खुलासा किया जाएगा. पुलिस के मुताबिक, महिला का अधजला शव पंचगांव चौक के पास कुकडोला गांव के एक घर से मिला था. ये घर उमेद सिंह नाम के शख्स के ठेके पर लिए गए खेत में बना हुआ है.

## खेल

# यशस्वी की तूफानी पारी और जैम्पा की फिरकी ने चेन्नई से छीना मैच, अपने 200वें मैच में जीता राजस्थान

**जयपुर, (एजेंसी) आईपीएल 2023 के 37वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 32 रन से हरा दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 202 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल ने 43 गेंदों में 77 रन बनाए। जवाब में चेन्नई की टीम 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 170 रन ही बना सकी। शिवम दुबे ने 33 गेंदों में 52 रन बनाए। वहीं, ऋतुराज गायकवाड़ ने 29 गेंदों में 47 रन की पारी खेली।**

हालांकि, एडम जैम्पा और रविचंद्रन अश्विन की फिरकी के आगे चेन्नई के बल्लेबाजों की एक न चली। यह राजस्थान का आईपीएल में 200वां मैच था और उन्होंने जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में आईपीएल इतिहास में पहली बार 200+ का स्कोर बनाया। फिर बड़ी जीत भी हासिल की। यह राजस्थान की इस सीजन चेन्नई पर लगातार दूसरी जीत है। इससे पहले आरआर ने चेपक में भी सीएसके पर जीत हासिल की थी।

इस जीत के साथ राजस्थान की टीम आठ मैचों में पांच जीत और 10 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। उसने सिर्फ तीन मैच गंवाए हैं। वहीं, चेन्नई की टीम आठ मैचों में पांच जीत और तीन हार के साथ



अंक तालिका में तीसरे स्थान पर लुढ़क गई है। दूसरे स्थान पर चेन्नई से बेहतर रन रेट और 10 अंक के साथ गुजरात टाइटंस है। चेन्नई को अगला मैच रविवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ चेपक में खेलना है। वहीं, राजस्थान को रविवार को ही मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखेड़े में खेलना है।

पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 202 रन बनाए। आईपीएल इतिहास में पहली बार जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में 200 से ज्यादा रन बने। यशस्वी जायसवाल और जोस बटलर ने पहले विकेट के लिए सिर्फ 50 गेंदों में 86 रन जोड़े। इस साझेदारी को रवींद्र जडेजा ने तोड़ा। उन्होंने जोस बटलर को शिवम दुबे के हाथों कैच कराया। वह 21 गेंदों में 27 रन बना सके। दूसरे छोर पर यशस्वी ने ताबड़तोड़ शॉट्स लगाए और 26 गेंदों में आईपीएल करियर का छठा अर्धशतक पूरा किया।

इसके बाद 14वें ओवर में तुषार देशपांडे ने दो विकेट झटके। उन्होंने पहले कप्तान संजू सैमसन को ऋतुराज गायकवाड़ के हाथों कैच कराया। सैमसन 17 गेंदों में 17 रन बना पाए। इसके बाद यशस्वी को रहाणे के हाथों कैच कराया। यशस्वी 43 गेंदों में आठ चौके और चार छक्के की मदद से 77 रन बना सके।

शिमरोन हेटमायर कुछ खास नहीं कर सके और आठ रन बनाकर महेश तीक्षणा की गेंद पर क्लीन बोल्ड हुए। इसके बाद ध्रुव जुरेल और देवदत्त पडिक्कल ने पांचवें विकेट के लिए 21 गेंदों में 48 रन की साझेदारी निभाई। ध्रुव 15 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 34 रन बनाकर आउट हुए। पडिक्कल 13 गेंदों में पांच चौके की मदद से 27 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं अश्विन एक रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई की ओर से तुषार देशपांडे ने सबसे ज्यादा दो विकेट लिए। वहीं, तीक्षणा और जडेजा को एक-एक विकेट मिला।

## सिनेमा

# Pushpa 2: अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 में नजर आएंगे जूनियर एनटीआर! 'आरआरआर' एक्टर की तस्वीर वायरल



Jr NTR in Pushpa 2: अल्लू अर्जुन (Allu Arjun) की फिल्म पुष्पा : द रूल (Pushpa The Rule) को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। आरआरआर फेम एक्टर जूनियर एनटीआर (Jr NTR) फिल्म में नजर आ सकते हैं। अभिनेता अल्लू अर्जुन (Allu Arjun) की फिल्म पुष्पा : द रूल (Pushpa The Rule) के लिए दर्शकों के बीच तगड़ी एक्साइटमेंट है और फिल्म के बारे में फैन्स अधिक से अधिक जानना चाह रहे हैं। पुष्पा 2 (Pushpa 2) को लेकर लोगों में क्रेज इतना ज्यादा है कि सोशल मीडिया पर अक्सर इससे जुड़ा कुछ न कुछ ट्रेंड करता रहता है। ऐसे में अब खबर सामने आ रही है कि पुष्पा 2 में आरआरआर (RRR) फेम एक्टर जूनियर एनटीआर (Jr NTR) नजर आ सकते हैं।

सोशल मीडिया पर जूनियर एनटीआर की एक तस्वीर सामने आई है, इस फोटो में जूनियर एनटीआर काफी कूल अंदाज में नजर आ रहे हैं। इस फोटो में वो कैमरा की ओर नहीं देख रहे हैं, बल्कि वॉक करते हुए नजर आ रहे है। तस्वीर में जूनियर एनटीआर सफेद शर्ट में नजर आ रहे हैं। कैप्शन के मुताबिक जूनियर एनटीआर, रामोजी फिल्म सिटी में पुष्पा 2 के सेट पर पहुंचे थे।

अंधेकत्ल का खुलासा ...

# साथी के साथ मिलकर बड़े भाई को मारा डाला

### शराब पिलाकर दबा दिया गला, शव को लगाया ठिकाने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। समीपस्थ महू की कोतवाली पुलिस द्वारा युवक के अंधेकत्ल की गुत्थी सुलझा ली गई है ।सगे छोटे भाई ने ही अपने साथी के साथ मिलकर हत्या कि वारदात को अंजाम दिया था । पुलिस को गुमराह करने कि नियत से खुद ही थाने आकर खुद ही शव मिलने की सूचना दर्ज कराई थी। पुलिस की जांच में पता चला कि आरोपी ने भाई को पहले शराब पिलाई और फिर उसे गला दबाकर मार डाला।**

थाना कोतवाली पर 11 दिसंबर 022 को सुचनाकर्ता मनीष द्वारा अपने बडे भाई मृतक विरेन्द्र उर्फ गोलु पिता मनोहर चौहान उम्र 23 साल निवासी तेलीखेडा के बेसुध अवस्था में अन्ना कालोनी तेलीखेडा मे झाडियो में पडा मिलने पर उसे अस्पताल ले जाने व वहां उसे मृत घोषित करने की सुचना थाना पर दर्ज कराई गई । पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक के शव व घटनास्थल का सुक्ष्मता से एसएसएल टीम से निरीक्षण कराकर साक्ष्य संकलित कर मृतक विरेन्द्र के शव का पी.एम. कराया गया । मृतक की पी.एम.रिपोर्ट में पी.एम.कर्ता डाक्टर द्वारा मृतक की मृत्यु गला घोंटने से होना बताया गया ।

अंधेकत्ल की उक्त घटना को अंजाम देने वाले आरोपियो तक पहुचने हेतु एसपी ग्रामीण हितिका वासल के निर्देशन एवं एएसपी शशिकांत कनकने व अनुविभागीय अधिकारी दिलीप चौधरी के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी एमएस भदोरिया के नेतृत्व में थाना पुलिस के साथ सायबर सेल टीम को लगाया गया । घटना का पदार्फाश करने के लिए लगी टीम द्वारा मृतक के परिवार वालो व अन्य साक्षियो से पुछताछ कि गई जिससे कोई खास जानकारी पता नहीं चलने पर साक्षियो से कि गई पुछताछ के आधार पर मुखबिरो को घटना से संबंधित जानकारी हेतु लगाया गया जिनके द्ववारा दी गई महत्वपुर्ण सुचनाओ के आधार पर एवं संज्ञान मे आये स्वतंत्र साक्षियो द्वारा बताया गया कि घटना 10 दिसंबर 022 को मृतक विरेन्द्र उर्फ गोलु को उसके सगे भाई मनीष तथा मनीष के दोस्त सुरेन्द्र कछावा के साथ खेतो की तरफ जाते हुए देखा गया था । जांच में पाये गये साक्ष्यो के आधार पर आरोपियो के विरुद्ध अपराध क्रमांक 206/23 धारा 302,201 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

### मोबाइल से खुला राज

प्रत्यक्ष दर्शियो द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर मनीष व सुरेन्द्र कछावा पर संदेह गहराने से दोनो संदेहियो के मोबाईल नंबरो काल डिटेल खंगालने पर दोनो की घटना दिनांक को एक ही लोकेशन पर उपस्थिति तथा घटना एक दिन पहले व घटना के दिन कई बार बातचीत होना पाया जाने पर दोनो संदेहियो मनीष तथा सुरेन्द्र कछावा से सख्ती से पुछताछ करने पर मनीष द्वारा अपने बडे भाई मृतक विरेन्द्र के शराब पीने में घर के रुपये उडाने व तथा उसके तथा उसकी मां के साथ मारपीट करने से तंग आकर अपने दोस्त सुरेन्द्र कछावा के साथ मिलकर अपने सगे भाई विरेन्द्र कि हत्या करना कबूल कर लिया ।

### इसलिए कर दी हत्या

मृतक विरेन्द्र जो कि मनीष का बड़ा भाई था विरेन्द्र शराब पीने का आदी था वह घर के सारे रुपये शराब पीने में खर्च कर देता था तथा उसकी मां तथा उसके साथ मारपीट करता था जिससे तंग आकर तथा मृतक विरेन्द्र से छुटकारा पाने की नियत से मनीष द्वारा अपने दोस्त सुरेन्द्र कछावा के साथ मिलकर अपने भाई विरेन्द्र की हत्या करने की साजिश रची।

### पेड़ पर टांगने वाले थे शव

हत्या को अंजाम देने के लिए भी मृतक विरेन्द्र की शराब की लत का ही सहारा लिया घटना दिनांक को शराब दुकान से शराब खरीदी तथा मेडिकल स्टोर से दस्ताने तथा अन्य दुकान से रस्सी खरीदी तथा विरेन्द्र को अपने साथ खेत पर ले गये वहाँ उसे शराब पीलाई तथा विरेन्द्र को शराब का नशा होने पर अपने साथी के सुरेन्द्र के साथ मिलकर विरेन्द्र के गले में रस्सी का फंदा डालकर उसका गला घोंट कर उसकी हत्या कर दी हत्या को आत्महत्या बताने कि नियत से मृतक के शव को पेड़ पर टांगने का प्रयास करने के दौरान किसी के आने की आहट पाकर मृतक के शव को वही नाले में फेंक कर भाग गये । हत्या को अंजाम देने वाले दोनो आरोपियो को गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही कि जा रही है।

### इनका रही सराहनीय भूमिका

अंधेकत्ल की गुत्थी को सुलझाने में पुलिस अधीक्षक इंदौर (ग्रामीण) हितिका वासल के कुशल निर्देशन व एएसपी शशिकांत कनकने व एसडीओपी दिलीप चौधरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी महेन्द्र भदौरिया के नेतृत्व में उप निरीक्षक मुकेश कनासिया, सउनि राकेश चौहान, प्रधान आरक्षक 1482 नीरज यादव , आरक्षक 1378 राकेश मीना, आरक्षक 88 हितेश परिहार, आरक्षक 215 विजय अंडेलकर एवं साइबर सेल आरक्षक रवि की सराहनीय भूमिका रही ।

## मूर्ति बनाने वाले पिता-पुत्र ने कई लोगों को ठगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पैसे के लालच में लोग अब मंदिर और मूर्ति के नाम पर चूना लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला खजराना क्षेत्र का सामने आया है, जिसमें एक व्यक्ति और उसके लड़के ने अनेक लोगों से रुपए एडवांस लेकर मंदिर और मूर्ति का सौदा कर लिया है, मगर डिलीवरी नहीं दी।

खजराना मंदिर के समीप 301, गणेशपुरी कॉलोनी में जयदेव शर्मा और उसका लड़का आर्यन शर्मा मार्बल के मंदिर और मूर्ति की दुकान चलाते थे। इस दौरान दोनों पिता-पुत्र ने कई लोगों को मंदिर और मूर्ति की आकर्षक डिजाइन दिखाकर हजारों रुपए एडवांस ले लिए। लेकिन मूर्ति और मंदिर की डिलीवरी नहीं दी। इस कारण दुकान में मूर्ति देने व रुपए लौटाने के लिए हंगामा करने लगे तो दुकान मालिक ने दुकान युवक रोहन सोलंकी निवासी 208, संचार नगर एक्सटेंशन को दे दी। रोहन ने अपनी जीविका चलाने के लिए तीन माह पूर्व ही यह दुकान ली और दुकान में मूर्ति और मार्बल के मंदिर का कारोबार शुरू कर दिया। दुकान लेते ही पिछले दुकानदार के पीड़ित लोग दुकान पर आने लगे और मंदिर-मूर्ति दो या रुपए लौटाने का दबाव बनाने लगे। रोजाना तीन-चार लोग आते हैं और कहते हैं कि हमारे पैसे वापस करो। इससे पीड़ित रोहन ने दोनों बाप-बेटे जयदेव व आर्यन शर्मा को ढूंढा और इनके घर गए तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। उसके खिलाफ कनाडिय़ा और खजराना थाने में धोखाधड़ी सहित कई अपराधिक प्रकरण भी दर्ज हैं। जब पुलिस को धोखाधड़ी की शिकायत की जाती है तो वह इसे साधारण घटना समझकर टाल देती है।

## बिहार की ठटेरा गैंग के चार बदमाश गिरफ्तार

### गहने चमकाने के झांसे में लेकर करते थे धोखाधड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। क्राइम ब्रांच की टीम ने बिहार की ठटेरा गैंग के चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्त में आए आरोपी महिलाओं को अपना निशाना बनाते थे। जेवर चमकाने के नाम पर इन्होंने इंदौर में कई वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस ने इनके दो साथियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। आरोपियों के कब्जे से धोखाधड़ी के रूपयों से खरीदी गई तीन बाइक व नगदी रूपए जब्त हुए हैं। गैंग देश के अलग अलग शहरों में घूम-घूम कर इस तरह की वारदातों को अंजाम देती थी।**

क्राइम ब्रांच एसीपी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि सोने चांदी के जेवरातों पर पालिश करने के बहाने जेवरात चोरी कर धोखाधड़ी करने वाले बिहार के शातिर बदमाशों को इंदौर में देखा गया है, जो फिर से वारदात कर सकते हैं। इस पर क्राइम ब्रांच की टीम ने घेराबंदी कर राजेश गुप्ता तथा मनीष शाह को पकड़ा, जिनसे पूछताछ की गई तो आरोपियों ने वारदात करना स्वीकार किया तथा अपने साथी बम-बम शाह तथा संतोष कुमार शाह जिला भागलपुर बिहार के साथ मिलकर थाना जूनी इंदौर क्षेत्र एंव अन्नपूर्णा क्षेत्र में वारदात करना कबूल किया। आरोपी राजेश गुप्ता निवासी प्रयागराज (उप्र) गैंग का मास्टर माइंड है, वह बिहार से गैंग तैयार कर देश के विभिन्न शहरों में घूम कर महिलाओं के साथ वारदात करते हैं। आरोपी जिस शहर में वारदात को अंजाम देने जाते थे तो वहां पर कई दिनों तक अलग-अलग होटल, लाज, धर्मशाला में रूकते थे तथा जिस भी शहर में जाते थे वहां पर उसी शहर की पासिंग बाइक आटो डील से खरीद लेते थे और उसी वाहन का उपयोग वारदात में करते थे, ताकि पुलिस को चकमा दे सकें। उनकी ये चालाकी काम नहीं आई और अब गैंग के चार सदस्य पुलिस के हत्थे चढ चुके हैं जिनसे अन्य घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है।

## घर में भीषण आग, पूरी गृहस्थी जली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** गुरूवार रात दो जगह आगजनी हो गई। रात में करीब एक बजे समाजवाद नगर के एक घर में आग गई। आग ने देखते हुए रौद रूप धारण कर लिया। जिसमें पूरा गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। इधर रात 9 बजे राजमोहल्ला में भी एक बैंक के उपर इमारत में आग लग गई। जिसमें सर्वर रूम जलकर खाक हो गया। फायर ब्रिगेड के मुताबिक रात 1.15 बजे उन्हें सूचना मिली थी। समाजवाद की गली नंबर 7 में एक घर में आग लगी है। यहां मौके पर पहुंचकर करीब एक टैंक से अधिक पानी डालने के बाद आग पर काबू किया गया। आग मधुकर पिता बाबूलाल वेडकर के घर में लगी थी। जिसमें गृहस्थी का सामान जलकर पूरी तरह से खाक हो गया। आग में किसी तरह की जनहानि नही हुई। लेकिन संकरी गलिया होने के चलते दमकलों को अंदर जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। आग में पूरी गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया।

**बैंक के सर्वर रूम में आग-** राजमोहल्ले चौराहे के पास एचडीबी बैंक के सर्वर रूम में आग लग गई। यहां रात को सूचना के बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। जिसमें एक टैंक पानी डालकर आग पर काबू किया गया। इस दौरान यहां सर्वर रूम के साथ इलेक्ट्रीक आयटम ओर फर्निचर पूरी तरह से जल गया। उक्त बिल्ड़ीग में ओर भी आफिस व दुकानें है। दमकलकर्मियों ने आग को आगे नही बढने दिया। नही तो बढ़ा हादसा हो सकता था।

sponcership




Detective Group Report
SUBSCRIBE

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैंनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
◆ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ◆*संपादक - पुष्पेंद्र पुष्प, ◆ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ◆ समूह PRO - एल.एन. उग्र ◆ फोन : 0731-2433676, मो.नं. 91111-56060 Website : www.dgr.co.in *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।